मंगलवार
31 अक्टूबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पावर स्टार पवन सिंह राजनीति में उतरने को बेताब
2



## खबरें फटाफट

### मुख्य चयनकर्ता पद से इंजमाम उल हक का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** वनडे विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बीच पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। सोमवार को पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने टूनार्मेंट के बीच में मुख्य चयनकर्ता के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया। इस विश्व कप में पाकिस्तान की लगातार चौथी हार के बाद इंजमाम ने अपना इस्तीफा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख जका अशरफ को भेजा।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामलों में जमानत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अगर सुनवाई धीमी गति से आगे बढ़ती है तो मनीष सिसोदिया बाद में फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### विपक्षी दलों के गठबंधन की स्थिति मजबूत नहीं: उमर

**श्रीनगर।** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि जिस तरह से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच लड़ाई सामने आई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह गठबंधन के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी दलों के गठबंधन की स्थिति अभी मजबूत नहीं है। कुछ अंदरूनी झगड़े हैं, जो देखने को मिल रहे हैं। यह झगड़े नहीं होने चाहिए, खासकर 4 से 5 राज्यों में जहां चुनाव होने जा रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता ने कहा, जिस तरह से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच लड़ाई सामने आई और दोनों ने कहा कि वे यूपी में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। यह भारत गठबंधन के लिए अच्छी बात नहीं है। हो सकता है कि इन विधानसभा चुनाव के बाद हमारी मुलाकात फिर से होगी और हम साथ बैठकर कोशिश करेंगे कि हम अच्छे से काम करेंगे।

विजयनगरम जिले में रविवार की शाम हावड़ा-चेन्नई लाइन पर हुआ बड़ा हादसा

# आंध्र प्रदेश में दो पैसेंजर ट्रेनों के बीच टक्कर, 14 लोगों की मौत, 50 घायल

- कंकटपल्ली में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से मारी टक्कर, तीन डिब्बे पटरी से उतरे
- घायलों को विशाखापत्तनम और विजयनगरम के अस्पतालों में कराया गया भर्ती
- हादसे के कारण रद्द की गईं 33 ट्रेनें 22 ट्रेनों को किया गया डायवर्ट







**एजेंसी/विजयनगरम**

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में रविवार की शाम हावड़ा-चेन्नई लाइन पर दो ट्रेनों की टक्कर में हुए हादसे में मृतकों की संख्या 14 पहुंच गई है और 50 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कुछ लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रविवार की शाम करीब सात बजे कंकटपल्ली में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीन डिब्बे पटरी से उतर गए और ये बड़ा हादसा हो गया। विजयनगरम कलेक्टर एस नागलक्ष्मी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस ट्रेन हादसे में अबतक 14 लोगों की मौत हो गई है और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घायलों को विशाखापत्तनम और विजयनगरम के अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की वजह से कुल 33 ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि 22 ट्रेनों को डायवर्ट और 11 ट्रेनों को आंशिक तौर पर कैंसिल किया गया है

**केंद्र सरकार-राज्य सरकार ने मुआवजे का किया एलान:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार ने पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अनुग्रह मुआवजे में मृत्यु के मामले में 10 लाख रुपये, गंभीर चोटों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपये दिए जाएंगे।वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुआवजे का एलान किया। सीएम ने मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये और अन्य राज्यों के घायलों के लिए 50,000 रुपये के मुआवजे की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि मैं प्रार्थना करता हूं कि सभी घायल जल्द ठीक हो जाएं। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही आंध्र प्रदेश के सीएम से बात की।

**ऐसे हुआ हादसा...** जानकारी के अनुसार विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन विशाखापत्तनम से अपने समय पर निकली। विशाखापत्तनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन अपने समय से 15 मिनट देरी से निकली। कांटकापाली व अलमांडा स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन जाकर खड़ी हो गई। इसी दौरान इसी ट्रैक पर विशाखापत्तनम-रायगडा पैसेंजर ट्रेन को आ रही थी, जिसने विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। विशाखापत्तनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन का इंजन बेपटरी हो गया।

### पूर्व रेलमंत्री ने पूछा... रेलवे नींद से कब जागेगा? हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में ट्रेन हादसा, 11 अक्टूबर को आनंद विहार कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के रघुनाथपुर स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त होने, ओडिशा के बालासोर में भयानक रेल हादसे के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। इन सिलसिलेवार ट्रेन हादसों पर दो पूर्व रेल मंत्रियों की प्रतिक्रियाएं आई हैं। इनमें ममता बनर्जी और लालू प्रसाद यादव शामिल हैं। दोनों ने रेलवे पर सवाल उठाए हैं। पूछा है रेलवे नींद से कब जागेगा? हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

**ममता बनर्जी ने उठाई जांच की मांग:** बंगाल की मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने आंध्र प्रदेश में ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना की तत्काल जांच कराए जाने की मांग की है। दावा किया है कि इस प्रकार की रेल दुर्घटनाएं 'दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बार-बार होने वाली घटनाएं' बन गई हैं। बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'एक और विनाशकारी रेल टक्कर। उन्होंने कहा, 'रेलगाड़ियों के बीच आमने-सामने की टक्कर होना, डिब्बों का पटरी से उतरना, असहाय यात्रियों का डिब्बों में फंस जाना और भाग्य के आगे मजबूर हो जाना, यह दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बार-बार होने वाली घटनाएं बन गई हैं। मैं हादसे की तत्काल जांच कराए जाने की मांग करती हूं। रेलवे नींद से कब जागेगा?

**क्या बोले लालू प्रसाद यादव?**
लगातार हो रही ट्रेन दुर्घटनाओं पर लालू प्रसाद यादव ने भी केंद्र की आलोचना की है। विजयनगरम में हुए भीषण ट्रेन हादसे के बाद राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने इस पर गहरी चिंता जताई। यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि देश में लगातार हो रहे ट्रेन हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा...

## राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे के बारे में जानने का लोगों को अधिकार नहीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड योजना के तहत मिलने वाले धन के स्त्रोत के बारे में नागरिकों को जानने का अधिकार नहीं है। सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत लोगों को सूचना पाने का अधिकार नहीं है। शीर्ष न्यायालय में दाखिल की गई एक दलील में वेंकटरमणी ने कहा कि तार्किक प्रतिबंध की स्थिति नहीं होने पर किसी भी चीज और प्रत्येक चीज के बारे में जानने का अधिकार नहीं हो सकता। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम किसी कानून या अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली संविधान पीठ ने 31 अक्टूबर को मामले की सुनवाई शुरू की है।

अटार्नी जनरल ने शीर्ष न्यायालय से कहा, जिस योजना की बात की जा रही है वह अंशदान करने वाले को गोपनीयता का लाभ देती है। यह इस बात को सुनिश्चित और प्रोत्साहित करता है कि जो भी अंशदान हो, वह काला धन नहीं हो। यह कर दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। इस तरह यह किसी मौजूदा अधिकार से टकराव की स्थिति उत्पन्न नहीं करता। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि न्यायिक पुनर्विचार की शक्ति, बेहतर या अलग सुझाव देने के उद्देश्य से सरकार की नीतियों की पड़ताल करने के संबंध में नहीं है।

## कतर में कैद आठ नेवी के पूर्व अफसरों के परिजन से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन आठ भारतीयों के परिवार वालों से मुलााकत की है, जिन्हें कतर में मौत की सजा सुनाई गई है। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने आठों भारतीयों के परिजनों को आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी रिहाई के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों के ऊपर जासूसी का आरोप लगा। उन्हें पिछले साल गिरफ्तार किया गया था और हाल ही में उन्हें कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है।

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कतर की जेल में बंद आठ भारतीयों के परिवार वालों से आज सुबह मुलाकात की। मैंने उनसे इस बात पर जोर दिया कि सरकार मामले को सर्वोच्च महत्व देती है। सरकार सभी परिवारों की चिंताओं और दर्द को पूरी तरह से समझ रही है। उन्होंने आगे कहा, 'साथ ही इस बात को रेखांकित किया कि सरकार उनकी रिहाई के लिए लगातार प्रयास करना जारी रखेगी। हम इस संबंध में परिवार वालों से करीबी संबंध बनाए रखेंगे।

## पीएम मोदी ने गुजरात को दी 5950 करोड़ की सौगात


**केटी न्यूज/पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के महेसाणा जिले के खेरालु में 5,950 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब वह संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा करते हैं। मोदी ने कहा कि स्थिर सरकार देने वाली जनता की शक्ति के कारण ही देश में तेजी से विकास हो रहा है और दुनिया भर में इसकी प्रशंसा हो रही है।

उन्होंने कहा कि लोग अच्छी तरह जानते हैं कि विकास की बड़ी परियोजनाओं, साहसिक फैसले लेने और गुजरात के तेज विकास के पीछे पिछले कई वर्षों में रखी गई मजबूत नींव है. उन्होंने कहा, और आप अपने नरेन्द्र भाई को जानते हैं, आप मुझे प्रधानमंत्री के बजाय अपने नरेन्द्र भाई के रूप में देखते हैं, और आप अपने नरेन्द्र भाई को जानते हैं, एक बार जब वह संकल्प लेता है, तो वह उसे पूरा करता है। मोदी ने कहा कि अब तक पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारे के 2,500 किलोमीटर लंबे मार्ग पर काम पिछले नौ वर्षों में पूरा हो चुका है, जिसके कारण यात्री और मालगाड़ियों दोनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, कि अंतिम स्टेशन तक इसका लाभ पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री ने डेयरी क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का भी उल्लेख किया और कहा कि उनकी कड़ी मेहनत के कारण उनकी घरेलू आय स्थिर हुई है। उन्होंने डेयरी किसानों से अपने जानवरों का टीकाकरण कराने का अनुरोध भी किया।

मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में राज्य में 800 से अधिक नई ग्रामीण महिला सहकारी समितियों की स्थापना की गई है और बायोगैस विकसित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में उत्तर गुजरात क्षेत्र भी बड़ी भूमिका निभाएगा। मोदी ने कहा कि उन्होंने उत्तर गुजरात, गुजरात के तटीय और आदिवासी क्षेत्रों को बदलने का संकल्प लिया है। इसके लिए उन्होंने संपर्क और सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इसकी वजह से गुजरात औद्योगिक विकास की ओर बढ़ा है। नर्मदा का पानी जो समुद्र में बर्बाद हो जाता था आज आपके खेत तक पहुंचता है।




सीएम योगी ने प्रयागराज में 3357 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण, बोले...

# अनुसूचित जाति के हर जरूरतमंद परिवार को मिलेगा आवास

- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सौंपी आवास की प्रतीकात्मक चाभी और वितरित किए चेक

**केटी न्यूज ब्यूरो/प्रयागराज**



डबल इंजन की सरकार जाति के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के आधार पर शासन की योजनाओं से सभी को जोड़ने का काम कर रही है। प्रदेश में अनुसूचित जातियों और जनजातीय तक सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्परता के साथ सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में प्रदेश के जिन अनुसूचित जाति के परिवार के पास अपना आशियाना नहीं है, सरकार उनको आवास उपलब्ध कराएगी। ये घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सोरांव में 3,357 करोड़ की लागत से 424 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ अनुसूचित जातियों के महासम्मेलन में कही। इससे पहले सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आवास की चाभी एवं प्रमाण पत्र सौंपे।

**महर्षि वाल्मीकि से जुड़े लालापुर स्थल पर रोप वे का होगा निर्माण:** सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़े हुए स्थलों को पंचतीर्थ रूप में विकसित करने का कार्यक्रम प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही है, तो दूसरी ओर महर्षि वाल्मीकि के प्रति पूरी श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए प्रयागराज में महर्षि वाल्मिकी से जुड़े स्थल लालापुर में उनकी कुटिया का कायाकल्प कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज ऋषि भारद्वाज के साथ महर्षि वाल्मीकि के आदि काव्य रामायण का भी साक्षी रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज के लालापुर स्थित महर्षि वाल्मीकि की कुटिया तक रोप वे बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार महाकुंभ में आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं को रोप वे के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि की कुटिया तक पहुंचने के लिए प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने चार हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को 85 करोड़ के फंड का चेक सौंपा। समूह से ग्रामीण क्षेत्र की 62 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोरांव के रामपुर मल्हुआ गांव में मजदूरी से अपना जीवन यापन करने वाले युवक की 6 माह की बेटी श्रुति के अन्नप्राशन की रस्म भी निभायी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत लाभार्थियों को चेक प्रदान किए । बैंक लिंकेज के फंड का डेमो चेक सोरांव के सेवईत के महादेव आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा कंचन देवी, सचिव रीता व कोषाध्यक्ष मालती को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रिवाल्विंग फंड व कम्युनिटी इन्वेस्ट फंड के तौर पर 19.18 करोड़ तथा बैंक लिंकेज के रूप में 65.77 करोड़ दिए गए। सीएम योगी ने सोरांव की पूजा देवी, उमा देवी, सुधा देवी और मऊआइमा की मालती देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाभी सौंपी।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बिहार

बक्सर, 31 अक्टूबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## बिहार राज्य डाटा इंट्री/कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने बैठक आयोजित कर दी चेतावनी

# सरकार मांगे माने, नहीं तो करेंगे आंदोलन

♦ दो दशक पुराने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त कर कर्मियों को सीधे विभाग से समायोजित करे सरकार



**केटी न्यूज/पटना**

सरकारी कार्यालयों में नियमित कर्मियों के साथ काम करते आ रहे डाटा इंट्री कम्प्यूटर ऑपरेटर अपनी एक सूत्री मांग को लेकर सरकार के खिलाफ अब मोर्चा खोलेंगे। इस बात की जानकारी बिहार राज्य डाटा इन्ट्री कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने दी है। उनका कहना है दो दशकों से लगभग 20,000 बेल्ट्रॉनकर्मी सरकार के सभी कार्यालयों में सरकार दफ्तरों के लिए रीढ़ की हड्डी बने हुए हैं। लेकिन सरकार लगातार हमारी उपेक्षा कर रही है। संघ के प्रदेश संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार हमारी मांग पर ध्यान दे वरना संघ चरणबद्ध तरीके से सरकार के खिलाफ आदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हमलोग पहले काला बिल्ला लगा कर कार्य दिवस में कार्य करेंगे, फिर धरना-प्रदर्शन करेंगे, उसके बाद भूख-हड़ताल, इसके बाद दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और अन्त में अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे, अगर सरकार नहीं मानती है तो।

संघ के प्रदेश संयोजक प्रभात कुमार ने प्रदेश संघ के नए कार्यकारणी के विस्तार की विधिवत घोषण की। संघ के नए कार्यकारणी में अजय कुमार को प्रदेश अध्यक्ष, अनील कुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, विशाल कुमार को प्रदेश महासचिव और संगीता कुमारी को प्रदेश कोषाध्यक्ष चुना गया।

**यह है मांगें:** नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार से मांग की कि दो दशक पुराने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को प्रदेश सरकार जल्द से जल्द समाप्त करे तथा हम कर्मियों को सीधे विभाग से समायोजित करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के सरकार के दोहरी नीति का संघ पुरजोर विरोध करती है।

### सरकार की दोहरी नीति का हो रहे शिकार

नव निर्वाचित उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि सरकार की दोहरी नीति के हम पिछले दो दशकों से शिकार हो रहे है। सरकारी कार्यालयों में नियमित कर्मियों के साथ कंधा से कंधा मिला कर दो दशक से काम करते आ रहे है, फिर भी सरकार के द्वारा हमारे लिए आजतक किसी भी तरह के नियमावली का गठन नहीं किया है, जिस कारण आज तक हमारी सेवा का कोई सुरक्षा नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि हमारे कार्य दक्षता एवं महत्ता को देखते हुए हमें जल्द से जल्द नियोजित कर्मचारी घोषित करे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज सरकार के लिए कई सालों से कार्यरत हम संविदाकर्मियों के साथ राज्य सरकार की गलत नीति से हम अल्प वेतन-भोगियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। हमारे सभी समस्याओं का केवल एक ही समाधान है सेवा समायोजन, जिसके लिए सरकार को चुनाव के पूर्व इसकी घोषणा कर देनी चाहिए।

## नवादा में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**नवादा।** नवादा जिले में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सिरदला थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप स्टेट हाईवे 70 पर बाइक और कार की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, वारिसलीगंज बरबीघा एसएच 83 में नगर परिषद के चिरैया-बल्लोपूर गांव के बीच नील कमल धर्मकांटा के पास तेज रफ्तार वाहन और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

सिरदला थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मृत युवक की पहचान गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी मिथिलेश राजवंशी के पुत्र चंद्र राजवंशी के रूप में हुई है। मृतक के पिता मिथिलेश राजवंशी ने बताया उनका बेटा अपने ससुराल गया था और बाइक से लौटते समय हादसा हो गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने बीएड अभ्यर्थियों की रिट याचिका स्वीकारी, 3 को सुनवाई

**केटी न्यूज/पटना**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में शिक्षक भर्ती के खिलाफ बी-एड अभ्यर्थियों की रिट याचिका सोमवार को स्वीकार कर ली और सुनवाई के लिए 3 नवंबर की तारीख तय की। इस संबंध में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के परिणामों को चुनौती देते हुए अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में बिहार प्राथमिक युवा शिक्षक संघ द्वारा शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की गई थी। सुनवाई 20 अक्टूबर को होनी थी लेकिन दुर्गा पूजा की छुट्टियों के मद्देनजर इसे सोमवार (30 अक्टूबर) के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था। याचिकाकताओं में से एक दीपांकर गौरव ने शीर्ष अदालत में अधिसूचना के कंटेंट की ओर इशारा किया और कहा कि बीपीएससी ने प्राथमिक शिक्षक खंड में बी-एड उम्मीदवारों को परिणाम नहीं देने के बारे में कुछ भी नहीं कहा है।

बीपीएससी ने बीच में ही नोटिफिकेशन में बदलाव कर दिया और परीक्षा लेने के बावजूद परीक्षा फल नहीं दिया। गौरव ने बताया कि बीपीएससी ने डीएल-एड और बी-एड अभ्यर्थियों का परिणाम संयुक्त रूप से घोषित करने की बजाय प्राथमिक शिक्षकों के लिए केवल डीएल-एड अभ्यर्थियों पर ही विचार किया है। आपको बता दें कि बीपीएससी अभ्यर्थियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में याचिका दायर की गई थी। उसी याचिका पर कोर्ट की ओर से सुनवाई को निर्धारित किया गया है। याचिका पर सुनवाई इसी महीने में होनी थी। हालांकि, वो नहीं हो पाई।

## वंशावली नहीं होने से लटके विकास के काम

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सभी जिलों के जिला भू अर्जन पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। शास्त्रीनगर स्थित सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने की। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह, निदेशक भू अर्जन सुशील कुमार सहित सभी जिलों के भू अर्जन पदाधिकारी, एनएचएआई, एनएच एवं रेलवे के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में वंशावली नहीं बनने से उत्पन्न हुई समस्या पर भी चर्चा की गई।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की बैठक में सरपंच द्वारा वंशावली नहीं बनाने के कारण, मुआवजा भुगतान में हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया गया। सामूहिक संपत्ति होने या खतियानी जमीन होने की वजह से रैयतों का हिस्सा निर्धारित करने के लिए वंशावली की आवश्यकता होती है। लेकिन पंचायती राज विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के बाद सरपंच की वंशावली अमान्य कर दिया गया है। इसपर अपर मुख्य सचिव ने सचिव जय सिंह को पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन कराकर इस मुद्दे का समाधान ढूंढने का निदेश दिया। बैठक में एनएच-2 वाराणसी- औरंगाबाद सेक्शन में 65 करोड़ रुपए के जिला भू अर्जन कार्यालय में लंबित भुगतान का मामला संबंधित परियोजना निदेशक द्वारा उठाया गया। बारुण अंचल में कई जगह गैर मजरुआ जमीन से संबंधित विवाद के चलते लोग सड़क बनाने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं और सड़क नहीं बनने दे रहे हैं। इसी तरह रोहतास जिले में 1.4 किमी की लंबाई में जमीन की दर को लेकर बहुत सारे रैयतों के प्राधिकार में चले जाने के कारण काम में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। पटना जिले के दानापुर-बिहटा एलिवेटेड और नॉन एलिवेटेड सेक्शन में भुगतान की रफ्तार तेज करने का निदेश अपर मुख्य सचिव ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दिया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एलिवेटेड में संरचना की स्वीकृति प्राप्त हो गई है, नोटिस तैयार हो रहा है, अगले हफ्ते से भुगतान शुरू कर दिया जाएगा। इसी तरह पटना के भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शेरपुर -दिघवारा रिंग रोड में अभी तक 73 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। संरचना मद की राशि की एनएचएआई द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई है, एक हफ्ते में नोटिस निर्गत करके भुगतान शुरू कर दिया जाएगा।

भारत माला अंतर्गत परियोजना 227 जे पैकेज 1 के सेक्सन 1 न 2 में मधुबनी जिले में आवंटित 176 करोड़ में से मात्र 70 करोड़ की राशि ही वितरित हुई है। पता चला कि बेनी पट्टी और कलुआही अंचलों में एलपीसी नहीं बन पा रहा है। साथ ही रैयतों के बाहर रहने के कारण लोग आवेदन नहीं दे पा रहे हैं। पूजा के दौरान उनके घर आने पर भुगतान में तेजी आने की संभावना है।कई जिलों में रैयतों द्वारा मुआवजा को लेकर काम रोकने की शिकायतें आईं।

## तेजस्वी के जापान दौरे से बिहार को कोई लाभ नहीं होगा: विजय सिन्हा

**केटी न्यूज/पटना**

नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव के हाल ही में जापान दौरा पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि यह दौरा उनका निजी दौरा है। इससे बिहारवासियों का कोई भला नहीं होने वाला है। वो बिहार को बदहाल कर जापान केवल मौज-मस्ती के लिए गए हैं। पिछली एनडीए की सरकार में तत्कालीन उद्योग मंत्री द्वारा कई निवेशकों को बिहार में उद्योग लगाने हेतु आमंत्रित किया गया, जिसको लेकर कई मंचों पर मुख्यमंत्री द्वारा सराहना भी की गई। लेकिन प्रधानमंत्री बनने की दिवास्वप्न के कारण आरजेडी को पिछले दरवाजे से लाया गया, जिससे वो सभी निवेशक आरजेडी का गुंडाराज के कारण बिहार से निवेश करने से मुकर गए।



विजय सिन्हा ने कहा कि मौजूदा हालात में जिस प्रकार से बिहार में अपराध के ग्राफ में बेतहाशा वृद्धि हुई है उसको देख पूर्व से स्थापित व्यापार को भी बंद कर व्यापारी पलायन को मजबूर हैं। जब से आरजेडी पिछले दरवाजे से सरकार में आई है तब से लगातार लूट, हत्या, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों के कारण यहां पर्यटक भी आने से डर रहे हैं। उनके पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ना तो कोई नीति है और ना ही उनकी नीयत।

## 2 नवंबर को होगा शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम, पटना में चल रही विशेष तैयारी

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के गांधी मैदान में 2 नवंबर को शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को एतिहासिक बनाने की तैयारी चल रही है। नियुक्ति पत्र वितरण में शिक्षक अभ्यर्थियों के अलावे सभी जिलों से बड़ी संख्या में उनके परिजन भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके मद्देनजर बड़े स्तर पर यातायात प्रबंधन की तैयार किया गया है। पुलिस अधीक्षक यातायात की तरफ से गाड़ियों की पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग के निदेशक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर बताया है कि रूट लाइन तय किया गया है। उसी आधार पर गाड़ियों को शहर में लाना है और निर्धारित जगह पर पार्किंग करना है। वैशाली, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और शिवहर से आने वाली गाड़ियां गांधी सेतु से पुरानी बाईपास होते हुए चिरैयाटाड पुल से एक्जिविशन रोड के माध्यम से गांधी मैदान गेट नंबर 10 से मैदान के अंदर प्रवेश करेगी। इसके अलावा भागलपुर, बांका, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया से आने वाले गाड़ियां भी पहाड़ी मोड़ से बाईपास होते हुए गांधी मैदान गेट नंबर 10 के अंदर पार्क होंगी। इन जिलों से आने वाली कुल बसों की संख्या 187 है। इसके अलावा पटना जिले से आने वाली गाड़ी गांधी मैदान गेट नंबर 10 पर अभ्यर्थी को उतार कर गांधी मैदान में पर लगायेंगी। नालंदा, गया, जहानाबाद, नवादा और शेखपुरा से आने वाली गाड़ियां भी जीरो माइल ,पुरानी बाईपास होते हुए गांधी मैदान गेट नंबर 10 के अंदर पार्क कराई जाएगी. इन जिलों से आने वाले बसों की कुल संख्या 171 है।

सारण, सिवान, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा से आने वाली कुल गाड़ियों की संख्या 259 है। यह सभी गाड़ियां जेपी सेतु से होकर जेपी गंगा पथ पर किनारे फ्लैंक में पार्क कराई जाएगी। इसके अलावा भोजपुर से आने वाली गाड़ियां भी जेपी गंगा पथ पर किनारे में कराई जाएगी। कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद से आने वाली कुल 86 गाड़ियां भी जेपी गंगा पथ पर किनारे फ्लैंक में पार्क कराई जाएगी। इस तरह से गांधी मैदान में कुल 358 वाहनों को पार्क कराया जाएगा, जबकि जेपी गंगा पथ पर पार्किंग में कुल 345 वहां खड़ी की जायेगी।



# किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए मंगाया था हथियारों का जखीरा: एसपी

- जासो से भारी मात्रा में हथियार बरामद होने के बाद बक्सर एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जासो गांव से हथियारों तथा कारतूस का जखीरा बरामद होने के बाद देर रात एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी। एसपी ने बताया कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सफेदपोश अपराधियों ने रविवार को ही हथियारों के इस खेप को जासो के दारा पाठक के घर रखवाया गया था। जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल छापेमारी करवाया गया। इस दौरान तीन रायफल, एक



एकनाली बंदूक, एक देशी रेगुलर गन तथा मैग्जिन लोडेड दो पिस्टल, 111 कारतूस तथा 75 खोखा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दारा पाठक, अभिमन्यु उर्फ छोटू पाठक दोनों पिता जियुत पाठक तथा मृत्युंजय उर्फ पिंटू पाठक पिता कृष्णानंद पाठक को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से एक-एक स्मार्ट फोन भी बरामद हुए है। एसपी ने बताया कि पूछताछ दारा पाठक ने बताया कि उनके घर बड़का नुआंव के प्रमोद कुमार राय उर्फ मंटू राय पिता अवधेश राय नामक व्यक्ति ने कुछ घंटे पहले ही इस जखीरे को लाकर रखा था। इनकी नियत किसी बड़े व्यक्ति की हत्या करना था। लेकिन पुलिस ने समय रहते इसे विफल कर दिया। एसपी ने बताया कि प्रमोद राकेश कुमार राय उर्फ कल्लू राय का भतीजा है तथा उन्ही के लिए काम करता है।

### सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में की गई थी छापेमारी

जानकारी के अनुसार कल्लू राय के इशारे पर ही दारा पाठक के घर भारी मात्रा में आर्म्स पहुंचाया गया था। जिसके बाद वो घटना को अंजाम देने वाले थे। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर भेजा गया और छापेमारी कार्रवाई गई। जिसमें बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे प्रमोद राय की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए है। वही एसपी की मानें तो इस मामले में कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है। जासो से हथियारों की बड़ी खेप मिलने तथा उनके मंसूबे सुन पुलिस हरकत में आ गई है। छपेमारी के दौरान सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के अलावे नगर इंस्पेक्टर संजीव कुमार, नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, औद्योगिक थनाध्यक्ष राजेश मालाकार, डीआईयू प्रभारी युसूफ अंसारी, एसआई मनोरंजन प्रसाद, हरेश कुमार, अमित कुमार, निशा रानी के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल शामिल रहे।

### हाल ही में बालू घाट पर फायरिंग में सुर्खियों में आए थे कल्लू राय

बता दें कि बक्सर निवासी राकेश कुमार उर्फ कल्लू राय एक सफेदपोश अपराधी है। पिछले दिनो भोजपुर जिले में बालू घाट पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में उसका नाम सुर्खियों में आया था। तब उसे गोली भी लगी थी। इलाज के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। वही माना जा रहा है कि उसी घटना के प्रतिक्रिया में हथियारों का जखीरा इकट्ठा किया गया था। गौरतलब है कि इसके पहले भी कल्लू पर कोलकाता सहित कई राज्यों में संगीन मामले दर्ज है। जबकि बक्सर में उसकी पहचान एक सफेदपोश के रूप में रही है।

## खबरें फटाफट

### डुमरांव में दो दिनों में चोरों ने उड़ाये दो बाइक, केस दर्ज

**डुमरांव।** शहर में इन दिनों बाइक चोरी की घटनाओं में तेजी आयी है। पुलिस की शिथिलता के कारण चोर-उचक्के का मनोबल बढ़ गया है। दो दिनों में लगातार चोरों ने दो बाइकों की चोरी कर पुलिस को चुनौती दी है। चोरों ने राज हाइस्कूल के समीप खड़ी एक पैसन प्रो बाइक पर हाथ साफ कर दिया। बाइक का नंबर बीआर 03-1227 बताया जाता है। इस मामले में नेनुआ गांव के रहने वाले राधाकृष्ण सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरी ओर सिमरी थाना क्षेत्र के राजापुर गांव स्थित बेनीलाल के डेरा निवासी जमालुद्दीन अंसारी के पुत्र असलम अंसारी ने भी सुपर स्प्लेंडर बाइक, जिसका नंबर बीआर 44 एम 1139 चोरी होने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि जंगलीनाथ शिव मंदिर के पास अपने काम को लेकर गया था। बाइक खड़ा कर अंदर चला गया, जब बाहर आया तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन किया लेकिन कही सुराग नहीं मिला। थक-हारकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### कोरान सराय में सर्प दंश से किशोर की मौत

**डुमरांव।** रविवार की शाम कोरान सराय गांव में सर्प दंश से एक किशोर की मौत हो गई है। किशोर की मौत से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान संजय ओझा के 15 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार ओझा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपने घर के एक कमरे में रखे गए झोला से कुछ सामान निकाल रहा था। इसी दौरान किशोर के दाएं हाथ में एक विषैले सर्प ने डस लिया। सांप पहले से ही झोला में छिपकर बैठा था। इसके बाद परिजन अस्पताल जाने की बजाए झाड़ फूंक में लग गए। इधर उसकी हालत बिगड़ने लगी थी। जिसके बाद उसे प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के लाल सिंह के डेरा गांव की घटना**

# खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से सात वर्षीय मासूम समेत दो की मौत

- ट्रैक्टर पर सवार थे चार लोग, घटना के बाद मच गया कोहराम
- खेत का अरार धंसने के कारण असंतुलित हो पलट गई ट्रैक्टर

**केटी न्यूज/सिमरी**



सोमवार की दोपहर रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के लालसिंह के डेरा गांव में एक हृदय विदारक घटना में एक सात वर्षीय मासूम तथा एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। घटना टैज्क्टर पलटने से हुई है। ट्रैक्टर पर मासूम समेत कुल चार लोग सवार थे। अचानक एक जगह खेत का अरार धंस गया, जिस कारण चालक संतुलन खो बैठा तथा ट्रैक्टर पलट गई। इस घटना में ट्रैक्टर पर बैठे चालक के भाई निर्मल यादव के सात वर्षीय पुत्र सुमित यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विजय यादव के 18 वर्षीय पुत्र की मौत डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान हुई।

वहीं चालक शंभू यादव तथा ट्रैक्टर पर सवार एक अन्य युवक किसी तरह कूद अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। सैकड़ो की संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाए। मिली जानकारी के अनुसार लाल सिंह के डेरा निवासी शंभू यादव दोपहर में अपनी ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान उनके





भाई के लड़के आनंद व सुमंत खाना लेकर पहुंचे तथा उनसे टैज्क्टर पर बैठाने की जिद किए। बच्चों की जिद के बाद वे दोनों को टैज्क्टर पर बैठा लिए। थोड़ी देर बाद ही खेत के अरार का एक हिस्से की मिट्टी दब गई, जिससे ट्रैक्टर पलट गई। इस घटना के बाद से गांव मे मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा है। इस संबंध में रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी नमो नारायण राय ने कहा कि ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर तथा एक युवक की मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रिय विधायक शंभू नाथ यादव तत्काल मातमपूर्सी में लालसिंह के डेरा गांव पहुंचे तथा पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि पीड़ितो को उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा।

### शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गए युवक की जमकर पिटाई

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात अपनी शादी शुदा प्रेमिका से मिलने गए एक युवक को घरवालों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इस दौरान उसकी जमकर पिटाई की गई तथा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने तत्काल चौगाई पीएचसी में उसका प्राथमिक इलाज करवाया। लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। जहां गंभीर अवस्था में उसका इलाज चल रहा है। हालांकि इस संबंध में सोमवार की शाम तक किसी पक्ष द्वारा लिखित शिकायत नहीं दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव में एक दो बच्चों की मां का पिछले कुछ समय से पड़ोस के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार की रात वह चोरी छिपे उसके घर में मिलने गया था। इसी दौरान घरवालों को इसकी भनक लग गई तथा उसे पकड़ घरवालों ने चोर चोर का शोर करते हुए जमकर पिटाई कर दी। मौके पार जुटे आस पास के लोगों ने भी हाथ साफ किया। बाद में जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस से भी ग्रामीणों ने उक्त युवक के घर में चोरी से घुसने की बात बताई हैं। लेकिन शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं कराने से कई सवाल खड़े हो रहे है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि किसी भी पक्ष ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है।

# सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल ने फ्री एजुकेशन स्कीम का किया शुभारंभ



- स्कूल के डायरेक्टर ने अपनी पत्नी की तृतीय पुण्यतिथि पर शुरू की स्कीम
- स्कीम के तहत स्कूल के 12 छात्रों को मिला लाभ

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल ने छात्रों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल की है। यह पहल स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश ने अपनी पत्नी स्व. निजू सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर की है। निजू सिंह फ्री एजुकेशन स्कीम 2023-24 के तहत 12 छात्रों को स्कीम का लाभ और प्रमाण पत्र दिया गया।

सोमवार को विद्यालय परिसर में समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर ने एलकेजी से क्लास 10 तक की हाफ ईयरली परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके अभिभावक की मौजूदगी में निजू सिंह फ्री एजुकेशन स्कीम का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों को अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक स्कूल फीस 50 प्रतिशत मुफ्त होगी।

विद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि निजू सिंह फ्री एजुकेशन स्कीम के तहत कक्षा एलकेजी से 10 के क्रमशः अंजली कुमारी, सुंदरम कुमार, ऋचा कुमारी, नैना कुमारी, हिमांशु कुमार, सत्यम तिवारी, अभिमन्यु कुमार, चाहत सिंह, धनंजय कुमार गुप्ता, दिव्या कुमारी, आंचल कुमारी व दिव्या कुमारी ने टॉप किया था। डायरेक्टर ने कहा कि इस योजना का उदेश्य छात्रों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ाना है। ताकि छात्र यह लाभ पाने के लिए अपनी पढ़ाई में संजीदा बनें। कार्यक्रम का निर्देशन स्कूल के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सोनी कुमारी ने किया। मौके पर पंकज कुमार, अर्जुन कुमार, शशिकांत, अरविंद कुमार, सलीम, श्वेता, अंशु, रीना, प्रीति व अन्य मौजूद थे।

## डुमरांव में श्रमजीवी एक्सप्रेस से गिरा चक्की का युवक, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित अपकारी ब्रह्म बाबा स्थान के समीप अप श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से एक युवक के गिरने का मामला प्रकाश में आया है। युवक की पहचान चक्की के पांडेयडेरा गांव निवासी सुग्रीव पांडेय के 25 वर्षीय पुत्र अंगद कुमार पांडेय के रूप में की गई है। आनन-फानन में राहगीरों की मदद से रेल पुलिस ने जख्मी को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों के अनुसार हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया जाता है कि युवक अपने रिश्तेदार के यहां जोधपुर जाने के




लिए घर से निकला था। डीडीयू जंक्शन के लिए डुमरांव से श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ा। ट्रेन में अत्याधिक भीड़ होने से वह गेट पर भी खड़ा रहा। डुमरांव से जैसे ही ट्रेन खुली वह भीड़ के दबाव में आकर असंतुलित हो गया और पश्चिमी केबिन के थोड़ा दूर आगे ही उसका पैर फिसल गया और रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ा।

# निमेज में घर में घुस 20 लाख के गहने ले उड़े चोर

- अमरनाथ ओझा ऊर्फ सिंटू ओझा के घर में घुसे तीन चोरों ने दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव चोरों ने एक घर में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। घटना रविवार रात्रि अमरनाथ ओझा ऊर्फ सिंटू ओझा के घर की है। तीन की संख्या में घर में घुसे चोरों ने 38 हजार रुपए नकद के अलावा सोने और चांदी के लगभग 20 लाख रुपए मूल्य के गहनों की चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि अल सुबह करीब 3 बजे घर में खटपट की आवाज सुन मेरी बेटी नंदिनी की नींद खुल गई। इस दौरान उसने देखा कि उसके घर में





तीन चोर मौजूद थे तथा घर के सामानों को चुरा रहे थे। नंदनी के शोरगुल मचाने पर मैं और मेरी पत्नी जगे तबका चोर चोरी कर दक्षिण के दरवाजे से निकल कर भाग गए।

एक चोर के हाथ में एक अटैची दूसरे के हाथ में बैग और गहने का बैग था तीसरा चोर जिसके हाथ मे लोहे का छोटा बक्सा था वह दरवाजे के पास छोड़कर भाग गया।पीड़ित ने बताया कि चोरों ने तिजोरी से नकद 38 हजार रुपया तथा बक्सा से ज्वेलरी का बैग गायब था। जिसमें सोने का हार, कंगन, बाउटी, झूमका, बाली, नथीयाँ, माँगटीका,अंगुठी, चाँदी का पायल, हथशंकर, बिछिया रखा था सोने के ज्वलेरी का वजन लगभग 3०० ग्राम (तीन सौ ग्राम) तथा चाँदी 500 (पाँच सौ ग्राम) दोनो की कीमत लग?भग 20 लाख रुपये है। इस संबंध में पीड़ित अमरनाथ ओझा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

**प्याज की बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का जायका, सौ रुपये किलो तक जा सकते हैं दाम**

# महंगाई की मार... टमाटर की राह चला प्याज, 10 दिनों में 70 रु. हुआ भाव

**अमर केशरी/डुमरांव**

कुछ महीने पहले टमाटर की कीमतों ने आम लोगों के रसोई का बजट बिगाड़ा था और अब उसी राह पर प्याज के भाव भी चल पड़ा है। मौसम में घुलती ठंड के बीच प्याज की मांग बढ़ी तो इसका भाव भी आसमान छूने लगा। सिर्फ दस दिनों में यह 35 से बढ़ कर 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। प्याज के भाव दोगुना होने से आम आदमी की जेब पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सोमवार को गांव से लेकर शहर तक के बाजारों में यह भाव लोगों के माथे पर पसीना लाता रहा।

प्याज के रेट में इस तरह से वृद्धि रसोई का बजट प्रभावित कर रहा तो इसमें बिचौलियों के खेल को लेकर भी कयास लगाये जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ठंड बढ़ने और लगनी



सीजन शुरू होने के साथ प्याज की मांग और बढ़ेगी। इसे देखते हुए प्याज डंप किया जा रहा है। जानकार बताते है कि मंडी में अचानक आवक में आयी कमी को भी इससे ही जोड़ कर देखा जा रहा है। कारण यह कि पहले जहां मंडी में रोजाना चार-पांच ट्रक से अधिक प्याज की आवक होती थी, वही अब एक-दो ट्रक ही रह गयी है।

### बाजार पर कुछ बिचौलियों के नियंत्रण के कारण बढ़े दाम

बाजार पर बिचौलियों के नियंत्रण के कारण आम लोगों को महंगी प्याज रखीदनी पड़ रही है। गृहिणियों के किचन पर प्याज के बढ़ते दाम ने बुरा प्रभाव डाला है सब्जियों से प्याज का तड़का गायब होने लगा है। वहीं सलाद में प्याज दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। प्याज व्यापारियों की मानें तो अभी प्याज की खुदरा कीमतें सौ रुपये किलो तक जाएंगी। प्याज के दाम अचानक बढ़ने से लोगों को महंगाई का अहसास होने लगा है। सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक जल्दी कीमतें कम होने की उम्मीद नहीं है। लहसुन भी महंगा बिक रहा है। इसके साथ ही नया आलू भी 45 रुपये प्रति किलोग्राम है।

### प्याज की कीमत सुनकर लोगों के निकल रहे आंसू

प्याज की कीमतों ने लोगों के आंसू निकाल दिये हैं। एक सप्ताह पहले तक प्याज के भाव को देखकर लग नहीं रहा था कि अचानक कीमत में बढ़ोतरी हो जायेगी। लगभग हर घर में सब्जी पकाने में लोग प्याज-लहसुन का प्रयोग करते हैं। दाल में लोग प्याज का तड़का भी लगाते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अगर किसी के पास सब्जी खरीदने की गुंजाइश नहीं है तो प्याज टमाटर की चटनी से ही काम चल जाता है। लेकिन इधर प्याज की कीमत इतनी अधिक हो गयी है कि मध्यम व गरीब वर्ग के लोग कीमत सुनकर ही खरीदारी नहीं करते हैं। प्याज के दामों में उछाल आने से बिहारी व्यंजनों को ज्यादा प्रभावित किया है। लिट्टी-चोखा हो या चने दाल का ताड़का इनके स्वादों में अंतर आ गया है। लिट्टी बेचने वाले दुकानदार प्याज के बदले देसी मूली का प्रयोग शुरू कर दिये हैं। ग्राहकों को प्याज के बदले मूली परोसा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि प्याज के भावों में वृद्धि होने से ग्राहकों के इच्छानुसार स्वाद में कमी आयी है।

**प्याज के भाव पर नजर:** 20 से 22 अक्टूबर तक 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम।
23 से 25 अक्टूबर तक 40 रुपये प्रति किलोग्राम।
26 से 28 अक्टूबर तक 50 रुपये प्रति किलोग्राम।
29 से 30 अक्टूबर तक 70 रुपये प्रति किलोग्राम

## एक नजर

### रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बनायी सुंदर कलाकृति, जमकर हुई प्रशंसा



**डुमरांव।** सोमवार को नगर के राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनायी गयी सुंदर कलाकृतियों ने सबका मन मोह लिया। बच्चों ने स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और जल-जीवन-हरियाली अभियान को लेकर अपनी कलाओं को उकेरा तथा उसमें रंग-बिरंगे रंगों को समाहित कर अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक ब्रह्मा ठाकुर, विष्णु ठाकुर एवं प्राचार्य एस वेकटाशन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उनके साथ अभिभावकों ने बच्चों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों का अवलोकन कर उनके हुनर की प्रशंसा की। निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कलाओं का मंचन भी जरूरी है। नन्हें हाथों ने अपने उंगलियों से जो कलाकृति प्रदर्शित किया है, उसकी बखूबी सराहना मिल रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के अंदर कूट कूट कर प्रतिभा भरी हुई है। उनके शिक्षकों द्वारा समय समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को उभारने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। वही प्राचार्य ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लने वाले छात्रों की सराहना की और कहा कि छात्रों ने अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया है। प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों को देख अभिभावक तालियां बजा उनका हौसला अफजाई कर रहे थे। इस प्रतियोगिता में शामिल नंदनी, दिव्या, खुशी, तमन्ना, वसुंधरा, रागिनी, ममता, प्रीति, प्रज्ञा सहित अन्य प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक विशाल, इंद्रसेन, संजय सहित अन्य मौजूद रहे।

### विद्युत कामगर यूनियन की बैठक में इकाई गठित

**चौगाई।** विद्युत कामगर यूनियन बिहार के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में चौगाई प्रखंड में मानवबलों की बैठक हुई। इसमें मानवबलों ने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की राह अख्तियार करने के लिए संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस दौरान प्रखंड इकाई का गठन किया गया। सर्व सम्मति से निर्मल कुमार शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं श्याम नारायण प्रसाद को उपाध्यक्ष, भरत लाल सिंह को सचिव, प्रेमचंद चौधरी को रघुनाथपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक के बाद मानवबलों ने अपनी मांगों को मजबूती से उठाया। उनकी प्रमुख मांगों में मानवबलों को एजेंसी से हटाकर कंपनी में शामिल करने। एजेंसी द्वारा 30 दिन के काम के बदले 26 दिन का मानदेय दिया जाता है इसे 30 दिन का करने, कंपनी की तरह की मानवबल को ओटी देने, मानवबलो को 60 वर्ष की उम्र तक नौकरी पर रखने समेत अन्य रहीं।

# डेंगू से बचाव के लिए मुकम्मल रूप से करें घरों की साफ सफाई: एसीएमओ

■ जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग लोगों को डेंगू से बचाव को कर रहा जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में पर्व त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। लेकिन, इस दौरान मच्छरों के आतंक से डेंगू के प्रसार की संभावना बरकरार है। ऐसे में लोगों को और भी सतर्क रहने की जरूरत है। इस मौसम में लोग ज्यादा बीमार पड़ते हैं। जिनमें वायरल फीवर और जुखाम के मरीजों की संख्या अधिक होती है। जिसके कारण डेंगू के बुखार से ग्रसित मरीज भी स्वयं को वायरल फीवर का मरीज समझ लेते हैं और घरेलू उपचार के चक्कर में अपनी स्थिति और बिगाड़ लेते हैं। जो उनके लिए घातक साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में लोगों को डेंगू से बचाने और उन्हें जागरूक करने को लेकर स्वास्थ्य समिति तत्पर है। वहीं, डेंगू मरीजों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में पूरी व्यवस्था की गई है। जहां पिछले तीन महीने के अंदर 58 डेंगू मरीजों का इलाज किया गया। जिनमें अधिकांश लोगों की स्थिति कंट्रोल कर ली गई। वहीं जिन लोगों को प्लेटलेट्स की कमी थी, उन्हें पटना भेज कर प्लेटलेट्स चढ़वाया। फिलवक्त जिले में एक डेंगू मरीज इलाजरत है।




### मच्छरों से बचाव के लिए की जा रही है फॉगिंग

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, जिन इलाकों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है वहां फ्रंटलाइन वर्कर्स से जानकारी ली जा रही है। शहरी क्षेत्रों में नगर प्रशासन की ओर से फॉगिंग कराई जा रही है। वहीं ग्रामीण इलाकों में मलेरिया विभाग द्वारा फॉगिंग और डीडीटी पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर सुबह और शाम के समय ही काटता है। इसलिए सभी लोग इस दौरान विशेषकर बच्चों को पूरे हाथ और पैरों को ढकने वाले कपड़े पहने। साथ ही, डेंगू के लक्षण दिखने पर मरीज तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी जांच कराएं। ताकि, समय रहते उनका इलाज शुरू किया जा सकें।

### घर के आसपास की अच्छे से सफाई करें लोग

डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, डेंगू से बचने के लोगों को पहले अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए लोगों को घरों के आसपास किसी भी हाल में पानी का जमाव नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने बताया कि दीपावली और छठ को लेकर लोग अभी से घरों की सफाई में जुटे हुए हैं। ऐसे में उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा की कोई भी पुरानी वस्तुओं को छत या गार्डन के इलाके में न रखें।

## एक नजर

### बाइक व टेंपो में टक्कर में दो लोग घायल, लगातार हो रही सड़क दुर्घटना पर लोगों ने जताई चिंता



**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के पांडाचक गांव निवासी विकास कुमार एवं बिमित कुमारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर शकूराबाद आ रहा था तभी विपरीत दिशा से एक जा रही टेंपो ने जोरदार रूप से टक्कर मार दिया जिसके कारण दोनों सड़क पर गिर गया दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इस घटना की सूचना घर के परिवार को दिया गया घटना स्थल पर परिवार पहुंचकर दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण या घटना घटी है। जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण घटना घट रही है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत भी हो रही है लेकिन इस घटना से भी वाहन चालक सीख नहीं ले रहे हैं जिसके कारण लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। इस घटना को अंजाम देकर टेंपो चालक टेंपो लेकर फरार हो गया।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं साड़ी का वितरण

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के महमदपुर गांव में विशेष लोक अभियोजक उत्पाद प्रमोद कुमार के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कम्बल एवम साड़ी का वितरण किया गया । जिसमें प्रखंड क्षेत्र के महमदपुर गांव के सैकड़ों बुजुर्ग महिला और पुरुष को कम्बल एवम साड़ी का वितरण किया गया। गांव के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल एवम साड़ी का वितरण किया गया ।आने वाले सर्दी के मौसम में कम्बल पाकर सभी लोग काफी खुश थे। इस मौके पर उनके परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है । उन्होंने सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल एवम साड़ी उपलब्ध करवाया जो एक सराहनीय कदम है। विदित हो की हाल ही में उनके पिताजी रविंद्र प्रसाद सिंह का देहांत हुआ था, जिनका कल ही श्राद्ध था।

### विद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत

**जहानाबाद।** पढ़ाई के अलावे खेल एक महत्वपूर्ण सह शैक्षणिक गतिविधियां है। खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है बल्कि इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जो 27 नवंबर से आयोजित था जिसमें मध्य विद्यालय सबदलपुर के खो-खो बालिका वर्ग अंडर-14 टीम ने मध्य विद्यालय सम्मतविगहा को हराकर विजेता बना जिसे जिला खेल पदाधिकारी द्वारा कप और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह ने बताया कि मध्य विद्यालय सबदलपुर की खो-खो की टीम जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए पश्चिम चंपारण जाएगी। हालांकि खो-खो बालक वर्ग अंडर-14 की टीम उपविजेता रही।रिले दौड़ बालिका अंडर 14 वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 14 में गोला फेंक विधा में भजु कुमार और 100 मीटर दौड़ में शन्नी कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं का विद्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाध्यापक ने विजेता खिलाड़ियों,खेल शिक्षक रामबली कुमार, कोंच धनंजय कुमार और टीम मैनेजर प्रिया कुमारी सहित विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं और बधाई दिया।

### सदर अस्पताल के गेट के समीप की सोमवार की दोपहर की घटना

# लिट्टी दुकानदार पर फायरिंग की कोशिश, हथियार के साथ धराया

■ मारपीट के दौरान आरोपित की ओर से तीन बार चलायी गयी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

शहर में सदर अस्पताल के मेन गेट के समीप सोमवार की दोपहर आपसी विवाद में एक युवक लिट्टी दुकानदार से भिड़ गया। उस दौरान उसके द्वारा दुकानदार पर फायरिंग करने की भी कोशिश की भिड़ गए। उस दौरान तीन बार गोली चलाने की कोशिश की गयी, लेकिन फायरिंग नहीं हो सकी। उससे दुकानदार बाल-बाल बच गया। हालांकि मारपीट में फायरिंग की कोशिश करने वाला युवक जख्मी हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया गया। पुलिस अभिरक्षा में इसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी आरोपित युवक टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी अनिल कुमार है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर दुकानदार सदर अस्पताल के गेट के समीप अपनी दुकान पर बैठा था। तभी अनिल कुमार वहां धमक गया। तब किसी बात को लेकर दोनों के बीच नोक झोंक होने लगी। उसके बाद अनिल कुमार गाली-गलौज करते हुए दुकानदार गोली मारने की धमकी देते हुए चला गया। उसके बीस मिनट बाद ही वह पिस्टल लेकर उसके पास आया और तीन बार गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन किसी कारण तीनों बार गोली नहीं चल पाई और दुकानदार बाल-बाल बच गया। उसके बाद दुकानदार ने उसका हाथ पकड़ लिया और बचाव में पास में रहा डंडे से उसके सर पर दे मारा। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसी दौरान उसका पिस्टल गिर गया और वह इलाज को लेकर सदर अस्पताल चला गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटनास्थल से पिस्टल को बरामद कर लिया गया और अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि घटना का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।



### दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस से मारपीट, दो गिरफ्तार

**आरा।** धोबहां ओपी क्षेत्र के अगरसंडा गांव में रविवार की शाम झगड़ा सलटाने गयी पुलिस पर हमला कर दिया गया। उस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की गयी। उसमें महिला सिपाही सहित दो जवान चोटिल हो गए। उस मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें सुशील पांडेय और गोविंदा पांडेय शामिल हैं। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर भी छापेमारी कर रही है। इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। पुलिस के अनुसार अगरसंडा गांव निवासी सुनील पांडेय और जीतेंद्र पांडेय के बीच किसी बात को लेकर विवाद है। उसे लेकर बीस रोज पहले झगड़ा हुआ था। रविवार की शाम भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। उसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। तभी आरोपित पुलिस से उलझ गए और मारपीट करने लगे।




# लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनितिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

◆ जिला निर्वाचन पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी जिला अध्यक्ष/सचिव, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दल के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसर आगामी लोक सभा चुनाव, 2024 को देखते हुये अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 के तहत प्रकाशित प्रारुप निर्वाचन सूची के आधार पर निर्वाचकों से संबंधित जानकारी हेतु बैठक आयोजित की गई।

जहानाबाद जिला अंतर्गत तीनों विधान सभा क्षेत्रामें कुल 897 मतदान केन्द्र है, जिसमें 427602 पुरूष मतदाता, 387856 महिला मतदाता एवं 22 तृतीय जेंडर के मतदाता इस प्रकार जहानाबाद जिले में कुल 815480 मतदाता है। जेंडर रेशियों को देखा जाए जो जिले में 907 ई.पी. रेशियों 0.58 प्रतिशत है। इस प्रकार 216-जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र में 339 मतदान केन्द्र, 159004 पुरूष मतदाता, 143779 महिला मतदाता एवं 01 तृतीय जेंडर कुल 302784 मतदाता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 216- जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद को एवं सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, जहानाबाद सदर एवं रतनी फरीदपुर तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को नामित किया गया है, जबकि 217-घोषी विधान सभा क्षेत्र में लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के रूप में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जहानाबाद को एवं सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको, मोदनगंज, घोषी एवं हुलासगंज को नामित किया गया है तथा 218-मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्त्ता, जहानाबाद को एवं सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, मखदुमपुर एवं काको तथा कार्यपालक पदाधिकारी, मखदुमपुर को नामित किया गया है।



# बीघा गांव का युवक एक महीने से गायब, अनहोनी की आशंका



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

जहानाबाद जिले के सिकरिया थाना क्षेत्र के मानदे बीघा गांव में एक परिवार को इंतजार है अपने घर के मालिक का। एक महीना पहले थोड़ी देर में आने को कह कर गया लेकिन नहीं लौटा संजय ठाकुर। सिकरिया ओपी क्षेत्र के मांदे बीघा गांव में आंखों में आंसू लिए दरवाजे पर खड़ी लालती देवी को अब भी अपने पति के आने का इंतजार है। एक महीना पहले अचानक घर से गायब हो गए पिता का बेसब्री से इंतजार है बेटी गुड़िया को। दरअसल 13 सितंबर को संजय ठाकुर सुबह घर से बाहर निकलें। थोड़ी देर में आते हैं कह कर गए और फिर लौट कर नहीं आए। जान पहचान और नाते रिश्तेदारों के यहां खोजकर जब थक गए तो पुलिस के पास संजय को तलाश करने के लिए आवेदन दिया। मांदे बीघा गांव में संजय के घर में पत्नी और उनकी बेटी रहती है। दोनों बेटे मजदूरी का काम करते हैं और दूसरे प्रदेशों में रहते हैं। पिता की बात करते हुए बेटी के आंखों में बरबस आंसू छलक जाते हैं। कम पढ़ा लिखा परिवार बस यही फरियाद कर रहा है कि मेरे पिता और पति को ढूंढ दिया जाए। संजय ठाकुर कम पढ़ा लिखा इंसान है ऐसे में परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है।




### भूमि विवाद, खनन एवं मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन, डीएम ने दिए निर्देश

# पर्व को देखते हुए संवेदनशील मामलों पर नजर रखें अधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद, खनन एवं मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निदेश दिया गया कि आगामी छठ पूजा एवं दीपावली पर्व को मद्देनजर संवेदनशील मामलों पर नजर बनाए रखें। जहां कहीं भी समस्या हो वहां पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता प्राप्त कर मामले का निष्पादन करें।

बैठक में बताया गया कि भूमि विवाद में अधिकांश मामले जमीन की मापी, रैयतों के बीच सीमांकन, लोक भूमि अतिक्रमण, सरकारी भूमि के आवंटियों को बेदखल किये जाने, गैर मजरूआ मालिक/आम जमीन एवं बकाश्त भूमि पर कब्जा तथा नल-गली एवं छज्जा के निर्माण को लेकर होते हैं। सर्वप्रथम भूमि विवाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में सभी थानाध्यक्षों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भू समाधान पोर्टल का अनुश्रवण करते हुए निष्पादित मामलों का ससमय प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी शनिवार की बैठक में समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारी को निदेश दिया कि किसी भी सरकारी भूमि अगर अतिक्रमण में है तो उसे अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें तथा बाधा डालता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।



### वैध शस्त्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें

बैठक में वैध शस्त्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें। सभी अंचल पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार के जनता दरबार, जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार इत्यादि में आने वाले आवेदनों या मामलों का अनुश्रवण कर निष्पादन करना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्रवाई से अवगत कराएं। भूमि विवाद को लेकर हुई गंभीर घटनाओं/ मामलों पर परिचर्चा करते हुए सर्वाधिक संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए भूमि विवाद से संबंधित अप्रिय घटना घटित होने पर वरीय पदाधिकारियों को अविलंब सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।



# पद्मश्री व सूफी गायक कैलाश खेर बलिया महोत्सव में बिखेरेंगे जलवा

**केटी न्यूज/बलिया**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के विशेष प्रयास से बलिया में काफी दिनों बाद कला, संस्कृति और विरासत का बेजोड़ संगम ह्यबलिया महोत्सवह्ण के रूप में देखने को मिलेगा। जी हां, बलिया जनपद स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से 1 नवंबर से 3 नवंबर तक पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में बलिया महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें कला और संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम होंगे, जिसमें पद्मश्री कैलाश खेर, दिनेशलाल यादव निरहुआ, रवि किशन के अलावा जिले के स्थानीय

### ❐ 1 से 3 नवंबर तक बलिया महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

कलाकार से लेकर बाहर के भी स्टार कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। एक नवंबर को इस महोत्सव का शुभारंभ होगा, जिसमें परिवहन मंत्री स्वयं स्वागताकांक्षी के रूप में मौजूद रहेंगे। तीसरे दिन 3 नवंबर को बहुउद्देशीय सभागार में नारी अभिनंदन समारोह का आयोजन दिन में 11 बजे से 01 बजे तक होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय यादव व विधायिका केतकी सिंह सम्मिलित होंगी। पुलिस लाइन में



शिवानी मिश्रा का रंगारंग कार्यक्रम शाम 4 बजे से 6 बजे तक तथा शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक स्टार नाइट में सांसद व अभिनेता रवि किशन शुक्ल का कार्यक्रम होगा। तीसरे और अंतिम दिन अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा दयालु सम्मिलित होंगे।

### मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्रीतथा विशिष्ट अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त होंगे

बलिया महोत्सव से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि पहले दिन, यानि एक नवंबर को कुल पांच कार्यक्रम होंगे, जिसमें पहला कार्यक्रम बहुद्देशीय सभागार में प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन दिन में 11 बजे से 01 बजे तक होगा। इसके मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त होंगे। सभागार में ही दोपहर 2 से 3 बजे तक यूथ कानक्लेव का आयोजन होगा, जिसके मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र वशिष्ठ अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर होंगे। शाम 4 बजे से 6 बजे तक पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री अपर्णा यादव शामिल होंगी। पुलिस लाइन में ही स्टार नाइट का आयोजन 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा, जिसमें पद्मश्री कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। रात्रि 9 से 11 बजे तक दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। दूसरे दिन, यानि 2 नवंबर को चार कार्यक्रम होंगे। दिन में 11 से 01 बजे तक बहुउद्देशीय सभागार में किसान सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर शामिल होंगे। शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी व सांसद रवींद्र कुशवाहा सम्मिलित होंगे। पुलिस लाइन में आयोजित स्टार नाइट में मुख्य गायक के रूप में सांसद व अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ का कार्यक्रम होगा। रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा।

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**केटी न्यूज/बलिया**



सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने के मामले में आरोपी को लखनापार पुलिया से सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम सचिन कुमार पुत्र सेवक राजभर बस्ती थाना सिकन्दरपुर है। आरोपी के खिलाफ सिकंदरपुर थाने में नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी के मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी सचिन कुमार फरार चल रहा था। इसबीच सोमवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सचिन कुमार लखनापार पुलिया पर खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया।

## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान

**मऊ।** शासन के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा अवैध रूप से कटिया मारकर उपभोग करते हुए पाए जाने को लेकर विशेष अभियान सोमवार से चलाया गया इस अभियान के क्रम में उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी एसडीओ विद्युत नीरज कुमार अवर अभियंता लाल जी यादव उप निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा एवं विद्युत विभाग के राजेश सोनकर चंद्रभूषण यादव विनोद कुमार सुरेंद्र कुमार समेत विभाग के लोगों ने विजय स्तंभ चौक एवं नगर पंचायत के मोहल्ला महरुपुर रसूलपुर में पहुंचकर जांच पड़ताल की गई जांच के दौरान कुछ विद्युत केबल जो विद्युत पोल पर लटके हुए थे उसे तार को विभाग द्वारा उतर गया इसके अलावा कुछ लोगों द्वारा तार फैलाए जाने पर केवल को जप्त भी किया गया तथा यह सख्त निर्देश दिया गया कि बिना कनेक्शन के कोई भी उपभोक्ता विद्युत का उपयोग न करें वरना अभियान के दौरान किसी प्रकार की अनियमित पाई जाती है तो सीधे उपभोक्ता के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

### रामलीला मेले में रावण का पुतला दहन

**सिपाह इब्राहिमाबाद ( मऊ)** निकटवर्ती ग्राम कुण्डा में सोमवार को दोपहर बाद रामलीला मेला आयोजित किया गया` मेले में आए ग्रामीणों ने राम-रावण की सेनाओं के बीच चले सशस्त्र युद्ध का आनंद लिया` बच्चे खाने - पीने और खिलौनों की दकानों पर डेरा डाले रहे और बढ़ - चढ़कर खरीदारी की` रावण के पुतले के दहन के साथ ही मेले के समापन पर आयोजकों ने मेलार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया । कुछ साल पहले तक कुण्डा ग्राम में बाकायदा हफ्तों तक रामलीला होती थी किंतु कतिपय प्रतिकूलताओं और सामाजिक सामंजस्य में आई गिरावट के कारण अब गाँव में सिर्फ रामलीला मेला ही लग पाता है।

### देवी जागरण का दर्शको ने लिया आनंद

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहन कस्बे में स्थित राजगद्दी के मैदान में रविवार रात्रि भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के अवसर पर एक देवी जागरण का कार्यक्रम पूरी रात भर चला। राज्याभिषेक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कस्बे के वरिष्ठ सर्जन डॉ प्रवीण कुमार मद्धेशिया एवं हरिकृष्ण बरनवाल ,नीरज जैन समेत दशहरा रामलीला कमेटी के संरक्षक त्रिभुवन नारायण सिंह ने द्वीप प्रचलित कर भगवान श्री राम समेत सभी भाइयों हनुमान , सुग्रीव, अंगद की आरती उतार कर भक्तों में प्रसाद बांटा गया। इसके बाद विजय कुमार यादव जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा जागरण प्रस्तुत किया गया ।इस मौके पर गायक ने शिव भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी भोलेनाथ हो की भक्ति गीत पर भक्तगण भगवान श्री राम की जय जयकार करने लगे बाद में संगीत गायक ने अपने मुखारविंद से देवी गीत आवे के पड़ी मैया आवे के पड़ी तो तोहरा के हमारी दुवरिया आवे के पड़ी के देवी गीत पर भक्तगण झूमते नाचते हुए तालियां बजाने लगे ।

## मिर्जापुर में 202 करोड़ की 660 विकास परियोजनाओं का सीएम ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

# सीएम योगी बोले, पूरे उत्तर प्रदेश पर बरसती है मां विंध्यवासिनी की कृपा



- ◆विंध्यवासिनी मंदिर में मुख्यमंत्री ने किया दर्शन-पूजन
- ◆विंध्य कॉरीडोर के निर्माण कार्यों का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज ब्यूरो, मीरजापुर**



मां विंध्यवासिनी, मां कालीखोह और मां अष्टभुजी की कृपा पूरे उत्तर प्रदेश पर बरसती है। यहां पहले एक साल में जितने श्रद्धालु आते थे उससे कहीं अधिक केवल नवरात्रि में आने लगे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मां विंध्यवासिनी के धाम में भव्य कॉरीडोर का निर्माण हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं का विस्तार तो होगा ही साथ ही साथ बड़ी संख्या में नवजवानों के लिए रोजगार का भी सृजन होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाबू उपरौध इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद के लिए 202 करोड़ की 660 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**आधी आबादी को पूरा सम्मान हर हाल में मिलना चाहिए : योगी**

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि आधी आबादी को पूरा सम्मान हर हाल में मिलना ही चाहिए। उनके संकल्प को प्रदेश सरकार तमाम योजनाओं के माध्यम से पूरा कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी को नजरअंदाज करके कोई भी समाज समर्थ और सशक्त नहीं हो सकता। इसे नये भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में स्पष्ट कर दिया था, जब उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत की। आजादी के 70 साल बाद पहली बार देश के अंदर लगा कि महिलाएं भी देश के राजनीतिक एजेंडा की मुख्य हिस्सा हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल, राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, अरुण सिंह और रामशकल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, एमएलसी विनीत सिंह, विधायकगण रत्नाकर मिश्रा, रमाशंकर सिंह, अनुराग सिंह, डॉ विनोद कुमार बिंद और रिंकी कोल सहित बीजेपी एवं अपना दल के नेतागण मौजूद रहे।

### पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय बने हैं नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाये गये कदम : योगी



सीएम ने कहा कि चाहे जनधन अकाउंट हो, उज्ज्वला योजना हो, सौभाग्य योजना, स्वास्थ्य बीमा कवर, आवास योजना हो या स्वामित्व योजना, इन सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की शृंखला में देश की नई संसद बनने के उपरांत पहले ही सत्र में देश की आधी आबादी को वर्षों से चल रही उनकी मांग को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए पूरा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाये गये कदम देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय बने हैं। दुनिया के आधी आबादी के सामने आगे बढ़ने का एक नया प्रकाशस्तंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रस्तुत किया है।

### जीवन के समग्रता का दर्शन कराता तीनों माताओं का त्रिकोण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा विंध्यवासिनी धाम नारी शक्ति के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। ये मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजी और मां काली के त्रिकोण के रूप में हमें जीवन के समग्रता का दर्शन कराता है। नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव हमारे मन में हमेशा बना रहे इसी के लिए मां विंध्यवासिनी के धाम में भव्य कॉरीडोर का निर्माण कराया जा रहा है। पहले मां विंध्यवासिनी के धाम में एक साल में जितने श्रद्धालु आते थे, आज केवल नवरात्रि के अवसर पर उससे अधिक श्रद्धालु यहां आ रहे हैं।

### प्रस्ताव बनाकर भेजें, बनेगा विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि मीरजापुर के विकास के लिए प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जल्द से जल्द जमीन चिह्नित करके प्रस्ताव भेजें, जिसके बाद एक्ट बनाकर शीघ्रातिशीघ्र यहां विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि मीरजापुर और सोनभद्र के अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक एक आवास देने का कार्य होगा। सीएम योगी ने प्रदेश में चल रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाया।



### 06 लोगों को जिलाबदर करने का आदेश

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार द्वारा उप्र गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(1)के तहत कार्यवाही करते हुए 06 लोगों को 06 माह के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया गया। जिसमें शमीम पुत्र मो नजीर निवासी ओन्हाईच थाना सरायलखंसी जनपद मऊ, नसीम पुत्र मो नजीर निवासी ओन्हाईच थाना सरायलखंसी जनपद मऊ, गोविंद यादव पुत्र चंद्रदेव यादव निवासी भेड़ियाधर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ, अरुण राजभर उर्फ दाढ़ी पुत्र राजेश राजभर निवासी मिजार्पुर थाना रानीपुर जनपद मऊ, अक्षय कुमार पुत्र लालबिहारी निवासी बहोरनपुर थाना मधुबन जनपद मऊ एवं रामानुज सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी भाटीकला थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ सामिल है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी बब्लू की हत्या

- ◆पुलिस ने 24 घंटे के अंदर घटना का किया खुलासा
- ◆हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद

**केटी न्यूज/बलिया**



सिकरिया खुर्द हत्याकांड का खुलासा करते हुए गड़वार थाने की पुलिस ने आरोपी पत्नी पुष्पा व प्रेमी सोनू पासवान को चोगड़ा चट्टी से सोमवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे की वजह पति बब्लू पासवान का प्रेम में बाधक बनना था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिकरिया खुर्द गांव में बब्लू पासवान की गला काटकर हत्या करने के बाद शव को कुएं में फेंक दिया गया था। सोमवार की सुबह शव की शिनाख्त होते ही घटना को लेकर चचार्एं शुरू हो गई थी।

एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया था। इसबीच पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करते हुए मृतक बब्लू पासवान की पत्नी पुष्पा व पुष्पा का प्रेमी सोनू पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस के सामने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि हम दोनों के बीच गहरा प्रेमसंबंध है। लेकिन बब्लू पासवान बार-बार इसमें बाधक बन रहा था, इसलिए उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में दोनों आरोपियों को न्यायालय में चालान कर दिया है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

# फागिंग का छिड़काव बंद नहीं होना चाहिए : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया।**



जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित सभी गतिविधियां शासन के निर्देशानुसार सुचारू रूप से संचालित होती रहे, साथ ही उन्होंने कहा कि जिन बिंदुओं पर प्रगति राज्य औसत से कम है संबंधित विभाग अगले दो कार्य दिवस में सुधार कराना सुनिश्चित करें। डेंगू मरीजों की संख्या के दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने समस्त नगर पालिका , समस्त नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, शिक्षा विभाग, को विशेष निर्देश दिए कि वह डेंगू नियंत्रण हेतु समस्त गतिविधियां नियमित रूप से संचालित रखें। कहा कि जिले में पिछले साल के सापेक्ष डेंगू के मरीजों की संख्या अधिक है, इसको देखते हुए 31 अक्टूबर के बाद भी लावार्साइडल और फागिंग का छिड़काव बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे संचालित रहे ,जिससे आमजन को असुविधा न हो एवं समय पर उपचार हो सके।

### जिला नगरीय विकास अभिकरण के शासी निकाय की बैठक आयोजित

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण के शासी निकाय की बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक डूडा अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री अल्प विकसित एवं मलिन बस्तियों में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण आदि कार्य जनप्रतिनिधियों के प्राप्त प्रस्ताओ में वर्णित परियोजनाओं का स्थानीय नगर पालिका/नगर पंचायतो से समन्वय स्थापित एवं स्थलीय निरीक्षण कर कार्य कराया जाना है।



## खबरें फटाफट

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**चन्दौली।** मुगलसराय नई बस्ती दामोदर दास पोखरा पर आजाद अधिकार सेना पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की एक जरुरी बैठक आयोजित हुई । बैठक में वक्ताओं ने आगामी लोक सभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा किया। बूथ स्तर से लेकर जिला संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया । बैठक मे मोहय्यूददीन वारसी को संगठन मे उच्च स्तर से जोड़ते हुए जिले का उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा घोषित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाहिद, जिला सचिव मोहम्मद सादिक अंसारी, अशोक कुमार तिवारी, प्रदीप कुमार तिवारी, जाबिर अंसारी, मोहम्मद मुमताज, आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा में भक्ति की गंगा में झूमे लोग

**चंदौली।** मानस प्रचार आध्यात्मिक समिति सोमवार श्री रामजानकी शिवमठ मंदिर में श्री राम कथा का आयोजन। जहां मानस के विद्वानों ने प्रभु श्री राम की कथा सुनाकर भक्तों को भक्ति की गंगा में गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी शिव मठ मंदिर में आयोजित 37वें वर्ष के प्रथम दिवस के अपराह्न कालीन मंच में सोनभद्र जनपद से पधारे चंद्र बलि दास ,काशी से पधारे रामचंद्र मिश्रा, तीर्थराज प्रयाग से पधारी साध्वी सावित्री एवं मानस मयंक ने भगवान की अवतार की चर्चा करते हुए बताएं कि भगवान का अवतार मुख्य रूप से चार लोगों के लिए होता है। इस अवसर पर आरती के समय समिति के अध्यक्ष संयोजक हरिद्वार सिंह और मुख्य जजमान जयशंकर द्विवेदी, शिवबचन सिंह, पंकज तिवारी,राज नारायण विश्वकर्मा, हरिहर विश्वकर्मा, श्रीराम यादव उपस्थित रहे।

### राजवीर ने जीता रजत, बढ़ाया जिले का मान



**चंदौली।** सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शुटिंग चैंपियनशिप कंपीटिशन 27 से 30 अक्टूबर को ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल राँची में आयोजित की गयी थी। जिसमे डॉलिम्स सनबीम स्कूल रोहनिया के कक्षा-6 के छात्र सदर ब्लॉक के मैढी गांव निवासी राजवीर सिंह ने 10 मीटर एयर राइफल अंडर -14ब्वॉयज कैटेगरी में प्रतिभाग किया। अपनी प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक जीत लिया साथ ही सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कम्पटीशन 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया। इस उपलब्धि पर उनके शूटिंग कोच विशाल विश्वकर्मा ,विशाल भारद्वाज और माता पिता मनीष सिंह और पूजा सिंह ने आने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।

### एक को होगा मंदिर का श्रृंगार उत्सव

**ताराजीवनपुर (चंदौली)।** स्थानीय चौराहे पर स्थित बुढ़िया माई मंदिर का श्रृंगार उत्सव व भंडारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से एक नवंबर को मनाया जाएगा। इसकी तैयारी कमेटी के सदस्यों द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बुढ़िया माई मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक कुंज बिहारी सिंह ने बताया कि एक नवंबर को सुबह 6 बजे से कीर्तन पूजन के अलावा हवन का कार्यक्रम अनवरत किया जाएगा। इसके उपरांत प्रसाद वितरण के रूप में भंडारे का आयोजन कमेटी द्वारा किया गया है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग यहां उपस्थित होकर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मत्था टेकने के साथ प्रसाद के रूप में भंडारे का स्वास्थ्य चखने का काम करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर के एन पांडेय, सूर्यमणि तिवारी सहित तमाम अतिथि गण उपस्थित रहेंगे।

# योगी सरकार की विशेष पहल... महिलाओं के हाथों में आएगी रोडवेज बसों की स्टेयरिंग

■ महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए दूसरे-तीसरे बैच की तैयारी शुरू

**केटी न्यूज ब्यूरो,लखनऊ**

परिवहन निगम की बसों की कमान महिलाओं के हाथ में होगी। योगी सरकार इसके जरिए भी महिलाओं के स्वावलंबन पर जोर दे रही है। महिला चालकों के प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। शारदीय नवरात्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में महिलाओं के हाथों में परिवहन निगम की कमान सौंपी थी। अब उन्हें और सशक्त करने के लिए काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

महिलाओं के प्रशिक्षण का पहला बैच 8 मार्च 2021 से शुरू किया था। पहले बैच के उपरांत दूसरे व तीसरे बैच के लिए महिला चालकों को मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट कानपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला चालकों को लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल -3 एवं कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 दोनों कोर्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### दूसरे बैच के लिए चाहिए 27 पंजीकरण

प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य के मुताबिक पूर्व में एक बैच के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। दूसरे बैच में 27 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक 15 पंजीकरण हो चुके हैं। प्रशिक्षण देने के लिए संस्थान में अभी 12 सीटें और खाली हैं। यहां पहले आने वाली महिलाओं का पंजीकरण किया जाएगा। जनवरी 2024 में इनका प्रशिक्षण पूरा होगा।



### तीन माह की होगी प्रशिक्षण अवधि

प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एसपी सिंह के मुताबिक लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 कोर्स की प्रशिक्षण अवधि 344 घंटे (03 माह ) की होगी। इसके बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल एएसडीसी दिल्ली के माध्यम से एसेसमेंट कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 कोर्स का 400 घंटे (04 माह) का प्रशिक्षण होगा। दोनों कोर्स करने के उपरांत डिपो में 17 माह का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण के दौरान 6000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। यह कोर्स आवासीय है।

### सीएम ने रामनगरी में बेटियों के हाथों में दी थी बसों की बागडोर

शारदीय नवरात्रि में मिशन महिला सारथी का आगाज करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी अयोध्या में महिला चालकों व परिचालकों के हाथों में बसों की बागडोर दी थी। 51 बसों को हरी झंडी दिखाई गई थी। इनमें से 18 महिलाएं चालक व परिचालक के रूप में थीं। आगे भी बसों की कमान महिला चालकों के हाथों में रहे, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### कोर्स के लिए यह दस्तावेज होंगे जरूरी

1. शैक्षिक योग्यता न्यूनतम आठ पास
2. आधारकार्ड
3. बैंक पासबुक
4. एक फोटो
5. लम्बाई 5 फुट 3 इंच
6. आयु अधिकतम 34 वर्ष
7. विस्तृत जानकारी राम पाल मौर्य के मोबाइल नं. 9792746532 या एसपी सिंह के मोबाइल नं. 8726005222 पर प्राप्त की जा सकती है।

### खाद्य पदार्थो के नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला में भेजे गए थे

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की पुष्टि, 14 मामलों में एडीएम ने जुर्माना ठोका

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 अन्तर्गत खाद्य पदार्थो के नमूने संग्रहित कर जांच के खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला में प्रेषित किए गए थे। जांच के पश्चात खाद्य पदार्थो में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गई थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिलाधिकारी ` (वि0/रा0)/न्याय निर्णायक अधिकारी गाजीपुर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था। अरुण कुमार सिंह, न्याय निर्णायक अधिकारी (वि0/रा0) गाजीपुर के न्यायालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 14 वादों पर रू0 490000/- (चार लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) के अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं दो वाद दोषमुक्त हुए। अर्थदण्ड समय से जमा न किए जाने पर आरसी के माध्यम से वसूली की जाएगी।




**विवरण**

विक्रेता चंदन बर्नवाल पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम व पोस्ट-खिदिरगंज थाना-सादात गाजीपुर व दो-मालिक बृजेश वर्नवाल पुत्र भगवान दास। खाद्य पदार्थ अजवाइन (शगुन ब्राण्ड) ` (मिथ्याछाप) जुमार्ना 35000 रविन्द्र यादव पुत्र केदार यादव निवासी सेमरा (शेरपुर कला) पोस्ट-शेरपुर कला थाना-मुहम्मदाबाद खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, खोया (अधोमानक) जुमार्ना 35000 विक्रेता मेवालाल पुत्र स्व0 विन्ध्यांचल गुप्ता निवासी मुहम्मदपुर पोस्ट-कैथवलिया थाना-कोतवाली खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, बर्फी (अधोमानक) जुमार्ना 35000 अखिलेश यादव पुत्र अच्छेलाल यादव निवासी चकशरीफ पोस्ट-महेशपुर थाना-नोनहरा खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध (अधोमानक) जुमार्ना 20000 दिनेश यादव पुत्र रामविलास यादव निवासी पहेतिया पोस्ट-पहेतिया थाना-जंगीपुर खाद्य पदार्थ पनीर ` (अधोमानक) जुमार्ना 35000 केशव गुप्ता पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी विशुनपुर पिपरही पोस्ट-अन्धऊ खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण जुमार्ना दोषमुक्त मृत्यु होने के करण मो0 अल्ताफ पुत्र मो0 दमड़ी निवसी ग्राम व पोस्ट-युसुफपुर थाना-शादियाबाद खाद्य पदार्थ नूडल्स (मैगी ब्राण्ड) (अधोमानक) जुमार्ना दोषमुक्त मृत्यु होने के करण, नरसिंह सिंह यादव पुत्र स्व लौटू सिंह यादव निवासी ग्राम व पोस्ट-सौरम थाना-नन्दगंज खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, जुमार्ना 15000 मेसर्स सिद्धार्थ मोटल राही पर्यटक आवास गृह एनएच-29 थाना-कोतवाली खाद्य पदार्थ मनूरा हरा मटर (नियमों का उल्लंघन) जुमार्ना 50000 विक्रेता व मालिक-ओमप्रकाश उर्फ मुन्ना पुत्र` कैलाश प्रसाद साहू निवासी तवक्कल उर्फ डण्डापुर पोस्ट-पृथ्वीपुर थाना-मरदह खाद्य पदार्थ मिठाई (खोया$चीनी) (अधोमानक व मिथ्याछाप) जुमार्ना 35000 गोविन्द प्रसाद गुप्ता पुत्र ` गुरू प्रसाद अग्रवाल निवासी मॉ काली मन्दिर रोड सैदपुर पोस्ट व थाना-सैदपुर गाजीपुर। खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, नारियल तेल (केरला ब्राण्ड) जुमार्ना 35000/-। अजय गुप्ता पुत्र` मानिक चन्द गुप्ता निवासी दुबिहा बाजार पोस्ट-दुबिहा थाना-करीमुद्दीनपुर जनपद-गाजीपुर खाद्य पदार्थ आयोडाइज्ड नमक (गुड वे) (अधोमानक) जुमार्ना 35000/-। 1-विक्रेता-गुडिया पत्नी` रशीद खान निवासी नुरूद्दीनपुर (नियर एम0एच0 इण्टर कालेज) पोस्ट-मारकीनगंज थाना-कोतवाली गाजीपुर जनपद-गाजीपुर व दो मालिक-शक्ति प्रकाश सिंह पुत्र अशोक सिंह` निवासी एस0पी0 बंगला प्रोफेसर कालोनी गोराबाजार पोस्ट-पीरनगर थाना-कोतवाली गाजीपुर जनपद-गाजीपुर खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, आइसक्रीम (पाईनएप्पल फ्लेव) (अधोमानक) जुमार्ना` 45000/-। हरिशंकर मोदनवाल पुत्र स्व0 कौलेश्वर प्रसाद मोदनवाल निवासी गॉधी रोड पुराना स्टेट बैंक के सामने सैदपुर पोस्ट व थाना-सैदपुर जनपद-गाजीपुर खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, मिल्क केक (अधोमानक) जुमार्ना 40000/-। रौशन गुप्ता उर्फ दीपक कुमार पुत्र` रामजी गुप्ता निवासी वार्ड नं0-11 सायर महाल दिलदारनगर पोस्ट व थाना-दिलदारनगर जनपद-गाजीपुर खाद्य पदार्थ ` बर्फी (अधोमानक) जुमार्ना 40000/-। दिनेश यादव पुत्र` रामकरन यादव निवासी ग्राम-कस्बा कोईरी शादियाबाद पोस्ट व थाना-शादियाबाद जनपद-गाजीपुर। खाद्य पदार्थ बिना पंजीकरण, छेना की मिठाई (बाह्य पदार्थ युक्त) जुर्माना 35000/- लगाया गया

## एक नजर

### सीएम व डीएम के आश्वासन के बाद भी जखनियां तहसील क्षेत्र की सड़कें नहीं हुई दुरुस्त



**गाजीपुर।** जखनियां तहसील क्षेत्र की रोड दिन प्रतिदिन बद से बदत्तर होती जा रही हैं। लेकिन इन रोडों पर कहीं भी गड्ढा मुक्ति का काम नहीं चल रहा है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बात हवा -हवाई साबित हो रही है। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि दीपावली से पहले सारी रोड गड्ढा मुक्त हो जाएंगी, बारिश के कारण काम रुका हुआ है। जनपद के अन्य क्षेत्रों और अन्य जनपदों में तो यह काम हो रहा है, पर जखनियां क्षेत्र में डीएम एवं संबंधित अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी रोडों की हालत जस की तस बनी हुई है। इस क्षेत्र के कई संगठनों ने, समाजसेवियों ने, सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों ने कई बार संबंधित अधिकारी एवं डीएम से गुहार लगा चुके हैं कि खराब रोडों के कारण जखनियां क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते हैं। डीएम भी कई बार मुख्य तहसील दिवस पर लोगों को अस्वस्थ कर चुकी है कि अक्टूबर महीने में काम रोड पर शुरू हो जाएगा, पर अक्टूबर महीना भी लगभग बीत गया और कोई काम नहीं शुरू हुआ।

### मां काली मंदिर का मूर्ति तोड़ कर आभूषण चुराया



**चहनियां(चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव में रविवार की रात में गांव के ही एक सिरफिरे युवक ने मां काली की अतिप्राचीन मूर्ति को खंडित कर चढ़ाया गया आभूषण लेकर फरार हो गया । सुबह जब पुजारी मन्दिर में पूजन अर्चन करने गये मूर्ति गायब व खंडित देख ग्रामीणों को सूचना दिया । ग्रामीणों ने मन्दिर पर पहुचकर पुलिस को सूचना दिया । पुलिस चौकी पर भी पहुचकर हंगामा कर दिया । मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना किया । वही युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुट गई है । घनश्यामपुर गांव में मां काली व हनुमान जी करीब 400 वर्ष पुराना मन्दिर है । गांव के एक युवक राजेश उर्फ बब्बू पाठक रविवार की शाम को गांव के ही मन्दिर के पुजारी प्रेम चन्द्र पाल से पूजा करने के लिए चाभी मांगकर ले गया । पुजारी ने उसे चाभी दे दी । देर रात होने पर नही आया तो वे घर पर ही सो गये । युवक ने पिछले हिस्से का गेट खोलकर पीछे मां काली की मूर्ति ले जाकर कई हिस्सों में खंडित कर दिया । नवरात्रि में लोगो द्वारा श्रृंगारोत्सव पर चढ़ाया गया गया सोने व चांदी का नथिया, हार आदि सामान ले गया ।

### साहित्य चेतना समाज का 38वां स्थापना दिवस 'कान्हा हवेली' में समारोह पूर्वक मना




**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस रविवार की शाम नगर के महुआबाग स्थित 'कान्हा हवेली' में समारोह पूर्वक मनाया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पूरे विश्व में भ्रमण कर भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार में संलग्न गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन, अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी थे। अध्यक्षता लखेश्वर ब्रह्म आयुर्वेद ट्रस्ट सोनहरिया के संस्थापक ज्ञान मूर्ति संत व विचारक यूश जी महाराज ने की। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा व सचिव हीरा राम गुप्ता ने किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। सेन्ट जॉन्स स्कूल की संगीत शिक्षिका माया नायर ने सरस्वती वंदना की।संस्था की मऊ इकाई ने संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।अध्यक्ष बालकृष्ण ठरड ने संस्था की 38वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला।

### महिला प्रधान का दायित्व निभा रहे पुरुष: बिमला

**गाजीपुर।** जन ग्रामीण विकास संस्थान जखनियां द्वारा संचालित कार्यक्रम 'ग्रामीण महिला सशक्तिकरण' के अंतर्गत ₹सरकारी अधिकारी/अन्य सेवादाताओं एवं मीडिया कर्मियों के साथ अर्धवार्षिक नेटवर्किंग और सम्मिलन बैठक₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बैठक में 10 ग्राम पंचायत से नारी संघ की 30 अगुवाओं, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों, आशा, आंगनबाड़ी, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक के साथ-साथ खत्र्रर संस्थान प्रमुख श्रीमती विमला मौर्या जी के साथ अन्य कार्यकर्ता कुसुम जी, बृजेश जी, रमेश जी, अश्विनी जी एवं मनोज जी आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रीमती विमला जी ने सभी अधिकारीगण एवं सेवादाताओं का पुष्पाहार के साथ स्वागत किया गया. संस्थान प्रमुख श्रीमती विमला जी अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी के सामने संस्थान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के उद्देश्यों को सभी के सामने रखा और बताया कि यह कार्यक्रम 10 ग्राम पंचायतों के वंचित 2200 परिवार को जोड़कर उनको विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना, समुदाय के हक एवं अधिकार को सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिलाओं पर हिंसा को रोकना एवं संवैधानिक मूल्यों की पहचान कराना है। सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक समुदाय को लाभ मिले और आपसी सौहार्द्र बढ़े यही संस्थान की लक्ष्य है। उन्होने समुदाय के महिलाओं एवं पुरुष के बीच यह संदेश दिया कि आज भी महिलाएं अपने अधिकार को पाने में विफल हैं।

## कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया हुई शुरू



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएम- टीबीएमबीए) के अंतर्गत जनपद में कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की शुरूआत की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि शासन की ओर से मिले निर्देश के क्रम में जनपद में मौजूद वर्तमान कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि इसके लिए जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बाडी मास इंडेक्स की मापने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बीएमआई की गणना करते हुए 18 किलो ग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम वाले रोगियों को अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से गोद लेकर पोषण पोटली दिलाने तथा छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से अतिरिक्त पोषण सहायता प्रदान की जाएगी।

## 2821 गांवों, तीन नपा तथा पांच नपं के 138 वार्डों की पवित्र मिट्टी अमृत कलश में की गई अर्पित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मेरी माटी मेरा देश- माटी को नमन वीरों का बंदन कार्यक्रम के तहत 16 विकास खंडों के 2821 गांवों, तीन नगर पालिका तथा पांच नगर पंचायत के 138 वार्डों की पवित्र मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर विशाल अमृत कलश में अर्पित कर दी गई।इस मौके पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय एवं केंद्रीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्यमंत्री ने स्वयं गाजीपुर के अमृत कलशों की पवित्र को अमृत कलश में अर्पित कर गर्व कीअनुभूति की।



बता दें कि यह कार्यक्रम विगत वर्ष से ही प्रधानमंत्री के लाल किला के प्राचीन से संबोधित पंच प्रण की शपथ के साथ-साथ शीलाफल कम का निर्माण, गांव- गांव नगर निकाय के वार्डों की मिट्टी तथा अछत चावल एक अभियान के रूप में जन भागीदारी के साथ एकत्रित किया गया था। कर्त्तव्य पथ पर पूरे देश से आए युवाओं को प्रधानमंत्री आज संबोधित करेंगे' नेहरु युवा केंद्र के स्वयं सेवकों का नेतृत्व युवा कल्याण विभाग के अखिलेश यादव बीओ तथा नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद कर रहे हैं। उपनिदेशक कपिल देव सभी का दिल्ली में मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर गाजीपुर के सभी स्वयंसेवक उपस्थिति रहे। इसके पूर्व गाजीपुर से भेजे गए 24 अमृतसर को झूलेलाल पवित्र मिट्टी को अर्पित किया गया तथा वहां मुख्यमंत्री ने 24 पीतल के कलश प्रदान किए थे। इसकी मिट्टी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समर्पित किया।

### डेंगू मलेरिया के बढ़ रहे प्रकोप ब्लड बैंक की नहीं है व्यवस्था, लोगों ने जताई चिंता

# सीएचसी जखनियां में पर्याप्त सुविधाएं का अभाव

■ गंभीर बीमारी के मरीज को जिले पर रेफर किया जाता है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां तहसील मुख्यालय अस्तित्व में आने के बाद से क्षेत्र में तमाम प्रतिष्ठान, कॉलेज सहित अधिकारियों का आवागमन बढ़ गया है। बावजूद तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ्य के नाम पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया, जहां पर वर्तमान में जुखाम बुखार सहित नॉर्मल बीमारी की दवा तो दी जाती है, लेकिन गंभीर बीमारी के मरीज को जिले पर रेफर किया जाता है।

वर्तमान समय में देखा जाए तो जखनियां तहसील के अंतर्गत किसी भी गांव में ब्लीचिंग पाउडर या मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं किया गया है ।जिसका नतीजा है कि राह चलते लोगों को मच्छर काटते हैं। जिससे मलेरिया डेंगू के भी मरीज बढ़ गए हैं।



अभी आज सीपीएम के जिला सचिव विजय बहादुर सिंह को डेंगू हो गया। जिनकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां में इलाज कराया जा रहा है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रोजाना 150 से 200 मरीज दूरदराज के आते हैं तथा हर सोमवार को नसबंदी का भी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। लेकिन किसी भी महिला के शरीर में ब्लड कम होने पर उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। सपा के ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रवेश गोड, कांग्रेस अध्यक्ष देव नारायण सिंह, किसान सभा के जिला संयोजक जोगेंद्र यादव, भाजपा नेता दिनेश सिंह उर्फ बबलू, बसपा नेता रामजी कुशवाहा, वनवासी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र गौतम, आजाद समाज पार्टी के नेता मनोज कुमार ने सयुक्त रूप से जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। जखनियां तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य मरीजों को उपलब्ध कराए और ब्लड बैंक, एटीएम स्वास्थ मशीन, बिजली व्यवस्था, साफ सफाई, पूरे ग्राम पंचायत में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाय।

### चार नवंबर को होगा स्थगित बिरहा

**ताराजीवनपुर (चंदौली)।** क्षेत्र के कोरी गांव स्थित पानी टंकी प्रांगण में सोमवार को बिरहा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि परिहार्य कारणों से स्थगित हुआ बिरहा महोत्सव पुनः चार नवंबर को आयोजित होगा। क्षेत्र के कोरी गांव स्थित पानी टंकी प्रांगण में बिरहा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले महीने आयोजित बिरहा महोत्सव को पुनः चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष राम आशीष यादव ने कहा कि गांव के दो युवाओं की दुर्घटना में मौत के बाद 16 अक्टूबर को आयोजित बिरहा महोत्सव का प्रोग्राम स्थगित कर दिया गया था। यह बिरहा महोत्सव अब पुनः चार नवंबर को आयोजित किया गया है।